>

Title : Need to expedite rural electrification schemes in Santhal Parganas, Jharkhand, under Rajeev Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : अध्यक्ष महोदय, झारखण्ड के संथाल परगना में विद्युत उत्पादन एवं आपूर्ति की गंभीर समस्या है। अभी 8,727 गैर-विद्युतीकरण गांवों तथा 14,69,520 ग्रामीण घरों (9,42,319 बीपीएल घरों समेत) का विद्युतीकरण का काम अधूरा है। हमारे संसदीय क्षेत्र के साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा और दुमका आदि जिलों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य असंतोषजनक है। संथाल परगना जिला में पन विद्युत परियोजना और पावरग्रिड स्थापना के लिए हमने केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है, परन्तु परिणाम संतोषजनक नहीं हैं। रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन ऍथारिटी ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों में सफल नहीं हो रही है। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत कई गांवों में विद्युतीकरण करने हेतु और स्कीम को जारी रखने के लिए सी.सी.ई.ए से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु त्वरित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

अतः संथाल परगना के साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ और दुमका आदि जिलों में पॉवरग्रिड की स्थापना एवं ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों को शीघ्र पूरा करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाये।